तापमान

अधिकतम 36.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

# हरिभूमि वनांचल भूमि

रायपुर, सोमवार 1 जून 2026



किसान परिवार के श्रवण कुमार का... 10





कोंडागांव पुलिस की नई पहल 'सहयोग चौपाल' ... 10






## खबर संक्षेप

### एकलव्य विद्यालय कोडेनार में कक्षा 11वीं में प्रवेश चालू

**जगदलपुर।** एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय कोडेनार में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए कक्षा 11वीं में प्रवेश कला, विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय में सीमित सीटों पर दिया जाएगा। जिसमें कला में 15, विज्ञान में 10 तथा वाणिज्य में 7 सीटें हैं। अनुसूचित जनजाति वर्ग के उन विद्यार्थियों के लिए है, जिन्होंने सीबीएसई अथवा अन्य मान्यता प्राप्त बोर्ड से कक्षा 10वीं उत्तीर्ण की है। विद्यालय में प्रवेश निःशुल्क है तथा गुणवत्तापूर्ण अंग्रेजी माध्यम शिक्षा के साथ छात्र-छात्राओं को आवासीय सुविधा प्रदान की जाती है।

प्रवेश आवेदन पत्र विद्यालय में निःशुल्क उपलब्ध हैं। इच्छुक अभ्यर्थी 30 जून तक दस्तावेजों के साथ आवेदन जमा कर सकते हैं। प्राचार्य जी. शिवा रेड्डी ने बताया कि संस्था का उद्देश्य जनजातीय क्षेत्र के विद्यार्थियों को उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा प्रदान कर उन्हें उज्ज्वल भविष्य की ओर अग्रसर करना है।

### उत्कर्ष योजना में 6 वीं में प्रवेश प्रक्रिया हुई स्थगित

**जगदलपुर।** राज्य शासन ने मुख्यमंत्री अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति विद्यार्थी उत्कर्ष योजना अंतर्गत शैक्षणिक सत्र 2026-27 के तहत कक्षा 6 वीं में प्रवेश हेतु संस्था इंपेनलमेंट एवं प्रवेश प्रक्रिया में विलंब के मद्देनजर प्रवेश प्रक्रिया स्थगित कर दिया है। यह जानकारी छात्र-छात्राओं तथा अभिभावकों के सूचनार्थ जारी किया गया है।

### देवेंद्र बने साहू समाज युवा प्रकोष्ठ के उपाध्यक्ष

**सिर्री।** तहसील साहू संघ कुरूद के युवा प्रकोष्ठ की नई कार्यकारिणी की घोषणा कर दी गई है। तहसील साहू संघ कुरूद के अध्यक्ष कृष्णकांत साहू एवं पदाधिकारियों की अनुशंसा और सहमति से युवा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष अनुराग साहू ने समाज के सक्रिय, ऊर्जावान और निष्ठावान युवाओं को टीम में शामिल करते हुए महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां सौंपी हैं। मौरीखुर्द के देवेन्द्र साहू को उपाध्यक्ष बनाया है। उपाध्यक्ष मनोनीत होने पर देवेन्द्र ने तहसील साहू समाज के अध्यक्ष कृष्णकांत साहू, युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष अनुराग साहू समेत समाज के सभी वरिष्ठ पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि समाज की मजबूती व उत्थान के लिए अपने दायित्वों का पूरी निष्ठा से निर्वहन करेंगे। देवेन्द्र के उपाध्यक्ष बनने पर साहू समाज के वरिष्ठजनों, युवाओं ने हर्ष जताया है।

### व्यावसायिक प्रशिक्षकों का शिक्षा विभाग में विलय करने की मांग

**जीजामगांव।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक प्रशिक्षक कल्याण संघ के प्रदेश प्रतिनिधिमंडल ने प्रदेश अध्यक्ष भूपेश कुमार के नेतृत्व में सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े एवं अन्य जनप्रतिनिधियों से भेंटकर व्यावसायिक शिक्षकों और प्रशिक्षकों की विभिन्न लंबित समस्याओं तथा उनके भविष्य से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की। प्रतिनिधिमंडल ने पिछले 10 वर्षों से व्यावसायिक शिक्षा के क्षेत्र में कार्यरत प्रशिक्षकों की सेवाओं, वर्तमान परिस्थितियों और शिक्षा व्यवस्था में उनके योगदान को प्रमुखता से रखा। बैठक के दौरान संघ ने व्यावसायिक प्रशिक्षकों को शिक्षा विभाग में मर्ज (विलय) करने की मांग को प्रमुखता से उठाया। प्रतिनिधियों ने बताया कि व्यावसायिक शिक्षा नई शिक्षा नीति और कौशल विकास के उद्देश्यों को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है, लेकिन लंबे समय से कार्यरत प्रशिक्षकों के भविष्य को लेकर अब भी अनिश्चितता बनी हुई है। ऐसे में उनका शिक्षा विभाग में समायोजन समय की आवश्यकता है। सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े ने प्रशिक्षकों की मांगों को न्यायोचित बताया और इस संबंध में सकारात्मक पहल का आश्वासन दिया।

# मैच से पहले चीयर लीडर केडी स्ट्राइकर्स ग्रुप ने नृत्य से बनाया माहौल

## 3 जून से होने वाले छत्तीसगढ़ क्रिकेट प्रीमियर लीग में बस्तर की टीम भी ले रही भाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- खिलाड़ियों को प्रदर्शन के लिए मिला बड़ा मंच

छत्तीसगढ़ क्रिकेट प्रीमियर लीग के तृतीय संस्करण का आगाज 3 जून से शहीद वीर नारायण सिंह अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम रायपुर में हो रहा है। जिसमें प्रदेश की 6 टीमें भाग ले रही है। प्रतियोगिता में जिले की बस्तर बाइसन टीम दम दिखायेगी।

इसी परिपेक्ष्य में बस्तर जिला क्रिकेट संघ ने लीग के प्रमोशन के लिए 31 मई को लालबाग मैदान में सुबह 7 से 10 बजे तक तथा दंतेश्वरी मंदिर के सामने शाम 5 से रात्रि 8 बजे तक चीयर लीडर केडी स्ट्राइकर्स ग्रुप का नृत्य कार्यक्रम का आयोजन किया। बस्तर जिला क्रिकेट संघ के सचिव केदार ठाकुर ने बताया कि इस कार्यक्रम के जरिये बस्तर बाइसन टीम के लिए समर्थन जुटाना और छत्तीसगढ़ प्रीमियर लीग का प्रचार करना था। उन्होंने बताया कि बस्तर अंचल के खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा के प्रदर्शन के लिए बड़ा मंच मिला है।



### बस्तर के युवाओं में काफी उत्साह

वहीं राजधानी रायपुर से पहुंचे चियर्स लीडर्स केडी स्ट्राइकर्स के छितिज ने बताया हम छत्तीसगढ़ क्रिकेट प्रीमियर लीग के प्रचार के लिए प्रदेश के सभी गांव और शहरों में जा रहे है ताकि खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ेगा और एनर्जी मिले। छत्तीसगढ़ का नाम पहले से रौशन हो रहा है आईपीएल तक छत्तीसगढ़ के प्लेयर जा रहे हैं। ये जो टीम है जिन्हें प्रेरणा मिल रही है अपनी मंजिल की ओर आगे जाएं यही मकसद से हम चल रहे हैं। हमें बस्तर में अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है। यहां के युवा खिलाड़ी काफी सक्रिय, ऊर्जावान हैं। युवाओं में काफी उत्साह है।

## कार्यक्रम : पारंपरिक वेशभूषा में नजर आए वन मंत्री

# मन की बात में अबूझमाड़ के ईरकभट्टी की झलक दिखाई देना क्षेत्रवासियों के लिए गर्व का क्षण : कश्यप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- अबूझमाड़ से मन की बात में शामिल हुए केदार

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात के 134 वे संस्करण के प्रसारण के दौरान नारायणपुर जिले के ईरकभट्टी अबूझमाड़ में आयोजित कार्यक्रम की झलक राष्ट्रीय मंच पर दिखाई देने से क्षेत्रवासियों में उत्साह का माहौल है। वन मंत्री केदार कश्यप ने आज ईरकभट्टी अबूझमाड़ में ग्रामीणों, जनप्रतिनिधियों और कार्यकतार्ओं के साथ मन की बात कार्यक्रम सुना। इस दौरान वे पारंपरिक जनजातीय वेशभूषा में नजर आए। कार्यक्रम के प्रसारण में ईरकभट्टी की झलक दिखाए जाने को उन्होंने बस्तर और अबूझमाड़ के लिए गौरवपूर्ण क्षण बताया।

वनमंत्री श्री कश्यप ने कहा कि देश के लोकप्रिय जनसंवाद कार्यक्रम में अबूझमाड़ के ईरकभट्टी की तस्वीर दिखाई देना यहां के लोगों के लिए सम्मान और आत्मगौरव का विषय है। इससे यह संदेश जाता है कि देश के दूरस्थ वनांचलों की पहचान और संस्कृति राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान पा रही है उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विचार सदैव समाज को सकारात्मक दिशा देने वाले होते हैं। मन की बात केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि देश के करोड़ों लोगों को जोड़ने वाला संवाद का माध्यम बन चुका है। इसके माध्यम से समाज में नवाचार, जनभागीदारी, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और आत्मनिर्भरता जैसे विषयों को नई प्रेरणा मिलती है।



### अबूझमाड़ नई राह पर आगे बढ़ रहा

वनमंत्री ने कहा अबूझमाड़ आज तेजी से विकास की नई राह पर आगे बढ़ रहा है और यहां की सकारात्मक तस्वीर देश के सामने आना पूरे बस्तर अंचल के लिए गर्व की बात है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाने की सोच का प्रभाव दूरस्थ क्षेत्रों में स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। इस अवसर पर प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय, राज्य लघु वनोपज सहकारी संघ मर्यादित के अध्यक्ष रूपसाय सलाम एवं प्रदेश महामंत्री अखिलेश सोनी उपस्थित रहे।

ईरकभट्टी जैसे दुर्गम क्षेत्र की उपस्थिति राष्ट्रीय प्रसारण में दिखाई देने से स्थानीय युवाओं, ग्रामीणों और कार्यकतार्ओं में नई ऊर्जा का संचार हुआ है। इससे क्षेत्र के लोगों का आत्मविश्वास बढ़ेगा और वे विकास एवं राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया में और अधिक सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित होंगे।

# सुकमा जिले में चौथे दिन 60 गांवों में बिजली की गई बहाल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर संभाग अंतर्गत सुकमा जिले में 28 मई की दोपहर को आंधी, तूफान एवं बारिश से विद्युत लाइन की तबाही हुई, जिससे उपभोक्ताओं परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इससे 11 केवी के 34, एलटी के 60 यानि 94 पोल टूट गए और छिंदगढ़, नेतानार, कूकानार, गादीरास व तोंगपाल उपकेंद्र बंद रहे। विद्युत कंपनी के अतिरिक्त मुख्य अभियंता अशोक कुमार गुप्ता, अधीक्षण अभियंता केव्ही मैथ्यू, सुकमा के कार्यपालन अभियंता एचके ध्रुव के नेतृत्व में सहायक, कनिष्ठ अभियंताओं के साथ कर्मचारियों के प्रयास से बंद उपकेन्द्रों की सप्लाई शुरू की। 117 गांवों में से 52 गांव तीसरे दिन बिजली बहाल हो सकी। साथ ही चौथे दिन रविवार को 60 गांव में बिजली बहाल होने से ग्रामीणों ने राहत की सांस ली, वहीं 5 गांव की बिजली अभी भी बंद है। अधीक्षण अभियंता एवं कार्यपालन अभियंता के नेतृत्व में कर्मचारी बंद बिजली को बहाल करने में जुटे हुए हैं।

### 5 गांव में आज बहाल होगी बिजली

विद्युत कंपनी जगदलपुर वृत्त के अधीक्षण अभियंता श्री मैथ्यू ने बताया कि 5 गांवों की विद्युत लाइन को सुधारने में कर्मचारी जुटे हुए है, सोमवार को बंद बिजली बहाल होगी।

### लोग कर रहे रतजगा

लाइट गुल होने से गर्मी और उमस से लोग परेशान हैं। ग्रामवासियों का कहना है कि कभी थोड़ी बहुत राहत मिल जाती है। लेकिन रात का रतजगा करना पड़ रहा है। उमस और गर्मी से कारण थोड़ी- थोड़ी देर में नींद टूट जा रही है। अधिकारियों का कहना है कि आज बिजली बहाल हो जाएगी तो राहत मिलेगी।

# समाज में फैली कुरीतियों, नशाखोरी हिंसा एवं अंधविश्वास को त्यागना जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- तेलीमारेंगा में सत्संग का आयोजन
- प्रोजेक्टर से कलयुग में सतयुग की शुरूआत का हुआ प्रसारण

ग्राम तेलीमारेंगा में जिला स्तरीय सत्संग का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न क्षेत्रों से श्रद्धालुओं ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान संत रामपाल महाराज के आध्यात्मिक विचारों एवं शास्त्रों के अनुकूल ज्ञान को प्रमाण सहित प्रस्तुत किया गया। सत्संग में प्रोजेक्टर के माध्यम से कलयुग में सतयुग की शुरूआत भाग-6 का विशेष प्रसारण किया गया। इसमें वेद, श्रीमद्भगवद्गीता, पवित्र कुरान शरीफ, बाइबल तथा अन्य धर्मग्रंथों के प्रमाणों के आधार पर मानव जीवन का उद्देश्य, भक्ति की सही विधि तथा मोक्ष प्राप्ति के मार्ग की विस्तृत जानकारी दी गई। श्रद्धालुओं ने कार्यक्रम को ध्यानपूर्वक देखा और आध्यात्मिक ज्ञान का लाभ प्राप्त किया। कार्यक्रम में विश्व प्रसिद्ध भविष्यवक्ता नास्त्रेदमस सहित अन्य भविष्यवक्ताओं की भविष्यवाणियों का उल्लेख किया गया। सत्संग के दौरान बताया गया कि विभिन्न भविष्यवाणियों में ऐसे महान संत के आगमन का वर्णन मिलता है जो मानव समाज को सत्य भक्ति का मार्ग दिखाकर आध्यात्मिक जागृति का संदेश देगा। सत्संग के अंत में श्रद्धालुओं से समाज में फैली कुरीतियों, नशाखोरी, हिंसा एवं अंधविश्वासों को त्यागकर सदाचारपूर्ण जीवन अपनाने का आह्वान किया गया। आयोजकों ने बताया कि ऐसे आध्यात्मिक कार्यक्रमों का उद्देश्य समाज में भाईचारा, नैतिकता एवं आध्यात्मिक चेतना का प्रसार करना है। श्रद्धालुओं ने नियमित रूप से सत्संग सुनने और आध्यात्मिक मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।



# एक एकड़ में 300 पौधे लगाए जाएंगे नर्सरी विकास के लिए भी होंगे काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- पर्यावरण दिवस पर गुमलवाड़ा में होगा कार्यक्रम
- तैयारियों को लेकर हुई बैठक

विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून को जिला स्तरीय कार्यक्रम ग्राम गुमलवाड़ा में किया जाएगा। इस संबंध में ग्राम सभा अध्यक्ष, सामुदायिक वन संसाधन प्रबंधन समिति, कोर टीम के सदस्य, सरपंच, पंच, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता तथा महाग्रामसभा के पदाधिकारियों एवं सदस्यों की उपस्थिति में बैठक की गई। बैठक में विश्व पर्यावरण दिवस की थीम भविष्य के लिए आज क्या कर सकते हैं पर चर्चा की गई। विचार-विमर्श के पश्चात सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि विश्व पर्यावरण दिवस कार्यक्रम ग्राम गुमलवाडा में आयोजित किया जाएगा। आयोजन की तैयारियों एवं सहयोग राशि के संकलन हेतु टाकेश नाग को जिम्मेदारी सौंपी गई। ग्राम सभा धुडमारास द्वारा एक हजार रुपये की सहयोग राशि प्रदान की गई तथा अन्य ग्राम सभाओं से भी सहयोग करने की अपील की गई। बैठक के दौरान यह निर्णय लिया गया कि कार्यक्रम के दिन ग्राम सभा गुमलवाडा द्वारा लगभग 300 पौधों का रोपण किया जाएगा। ये पौधे लगभग एक एकड़ भूमि में लगाए जाएंगे। पौधरोपण अभियान को सफल बनाने के लिए ग्राम सभा द्वारा व्यापक तैयारी की जाएगी, जिसमें प्रत्येक घर से श्रमदान के माध्यम से गड्ढे खोदना, स्थल की साफ-सफाई तथा पौधों के रोपण में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी।


ग्राम सभा ▶▶| शेष पेज 10 पर




### बीज बैंक की स्थापना की योजना

ग्राम सभा ने देशी बीजों के संरक्षण, बीज बैंक की स्थापना तथा नर्सरी विकास की दिशा में भी कार्य किए जाने की योजना बनाई है। महा ग्राम सभा के अध्यक्ष लक्ष्मीनाथ कश्यप ने कहा कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण, प्राकृतिक संसाधनों के प्रबंधन एवं पुनर्जीवन के प्रति जनजागरूकता बढ़ाना है। जल, जंगल और जमीन की सुरक्षा तथा पर्यावरणीय स्थिरता बनाए रखने के लिए सामुदायिक भागीदारी अत्यंत आवश्यक है।

## जलक्षेत्र में मछली पालन से ग्रामीण आजीविका को मजबूत कर रहे व हो रही अतिरिक्त आय

# ग्रामीणों के लिए आर्थिक व सामाजिक वरदान साबित हो रहा मिट्टी बांध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- 5 एकड़ जमीन में पोंदुम के ग्रामीण कर रहे मछली पालन, सालभर में बिकेगी 3 लाख की मछली

बस्तर संभाग अंतर्गत बीजापुर जिले के भैरमगढ़ वन परिक्षेत्र अंतर्गत आने वाले गांव पोंदुम में वन विभाग ने वर्ष 2021-22 में राज्य कैंपा मद अंतर्गत 5 एकड़ जमीन में निर्मित मिट्टी बांध का निर्माण किया। यह बांध ग्रामीणों के लिए आर्थिक और सामाजिक वरदान साबित हो रहे हैं। इन बांधों में पानी रुकने से भू-जल स्तर में सुधार हुआ है और निस्तारी की समस्या दूर हुई है। इसके साथ ही, इन बांधों में मछली पालन से ग्रामीणों को अतिरिक्त और स्थायी आय का साधन मिल गया है। बांध के जलक्षेत्र में मछली पालन कर ग्रामीण अपनी आजीविका को मजबूत कर रहे हैं और इससे उन्हें अतिरिक्त आय प्राप्त हो रही है। इसमें गांव के वन प्रबंधन समिति के लगभग 50 पुरूष, महिला शामिल हैं, समिति ने पिछले वर्ष ढाई लाख का मछली विक्रय किया था, इस वर्ष लगभग 3 लाख रूपए से ज्यादा मछली विक्रय की संभावना है। इन बांधों में जल संरक्षण से कृषि को बढ़ावा मिलने के साथ-साथ मछली पालन के रूप में ग्रामीणों को एक नई और स्थायी अतिरिक्त आय प्राप्त हो रही है। स्थानीय वन समितियों, स्व- सहायता समूहों को मछली बीज पालन का कार्य सौंपा जाता है, जिससे उनकी आय


▶▶| शेष पेज 10 पर




### ग्रामीणों हो रहे आर्थिक रूप से मजबूत

पोंदुम के पूर्व सरपंच सुखदास ने इस संबंध में बताया कि गांव में वन विभाग ने 4 वर्ष निर्मित मिट्टी बांध का निर्माण किया। विभाग गांव के वन समिति में 50 पुरूष, महिलाएं शामिल है, जिसमें मछली उत्पादन कर रहे है, इसके लिए वन विभाग की ओर से मछली बीज दिया जा रहा है। इस वर्ष लगभग 6 किलो से अधिक की मछली मिली, जिससे लगभग 3 लाख रूपए में विक्रय करने की संभावना है। उन्होंने बताया कि मछली उत्पादन से ग्रामीणों की आर्थिक स्थिति मजबूत हो रही है।

### बांध से हो रहा भू-जल स्तर में सुधार

वन विभाग भैरमगढ़ परिक्षेत्र के एसडीओ देवेन्द्र गोंद ने बताया कि मिट्टी के बांध के कारण भू-जल स्तर में सुधार होता है। आस-पास के कुओं और नलकूपों में साल भर पानी उपलब्ध रहता है, जिससे किसान रबी और खरीफ दोनों फसलों की बेहतर पैदावार कर पाते हैं। वर्षा के पानी के संचयन से आस-पास के खेतों को सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी मिल जाता है, जिससे फसलों की पैदावार में बढ़ोतरी होती है। जल भराव से स्थानीय जैव विविधता को बढ़ावा मिलता है। बांधों के आसपास हरियाली बढ़ती है, जो जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को कम करने में सहायक है। गर्मी के मौसम में भी बांधों में पानी उपलब्ध रहने से स्थानीय मवेशियों और वन्यजीवों के लिए पीने के पानी की समस्या दूर हो जाती है। पोंदुम बांध में जुलाई 2025 में 20 किलो का मछली बीजा डाला गया था, जिससे वर्तमान में समिति मछली पकड़कर बेच रहे हैं।

# टमाटर फिर हुआ लाल, बाजार में 50 रुपए किलो में बिक रहा टमाटर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

साप्ताहिक बाजार में भीषण गर्मी और उत्पादन क्षेत्रों से आवक घटने के कारण टमाटर की कीमतें 40 से 50 प्रति किलो तक पहुंच गई हैं। लोकल मंडियों में आपूर्ति कम होने और बाहर के राज्यों में भारी मांग होने से आम उपभोक्ताओं को किचन बजट संभालने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। टमाटर इस मौसम के फलों के राजा आम से भी ज्यादा महंगा और बाजार में खास हो गया है। सब्जी बाजार में आम जनता से लेकर खास लोगों की रसोई पर कब्जा रखने वाला टमाटर इन दिनों गरीबों की थाली से गायब हो गया है। बताया जा रहा है कि मांग के हिसाब से आपूर्ति में कमी होने के चलते इसके दाम में काफी बढ़ोतरी देखी जा रही है और जिस तरह से इसकी आवक में कमी देखी जा रही है। रविवार को बाजार में टमाटर 40-50, तरबूज 60, परवल 40, करेला 40, पत्तागोभी 20, फूलगोभी 80, बरबट्टी 40, भट्टा 50, कुंदरू 40, आलू 20, प्याज 30, गंवरफल्ली 30, सेम 60, खेक्सी 100 रुपए प्रतिकिलो की दर में बिक रहा है। साथ ही लालभाजी, पालकभाजी 20 रूपए में 8 जूड़ी बिकी रही है।



## खबर संक्षेप

### निर्जला एकादशी पर शीतल मठा का वितरण



**धमतरी।** निर्जला एकादशी के अवसर पर तपती गर्मी में राहगीरों को शीतलता एवं राहत प्रदान करने के उद्देश्य से शीतल मठा सेवा का आयोजन किया गया।
उज्जैन (मप्र) निवासी प्रवीण एवं श्रीमती नीता खंडेलवाल की बहू ऐश्वर्या खंडेलवाल ने अपने मायके धमतरी आकर राहगीरों के लिए यह सेवा कार्य किया। ऐश्वर्या, अशोक खंडेलवाल एवं श्रीमती पायल खंडेलवाल की पुत्री हैं।
इस सेवा आयोजन में उनकी छोटी बहन अंजलि खंडेलवाल ने भी सहभागिता निभाई। नन्ही शिवान्या भी पूरे उत्साह और खुशी के साथ आयोजन में सहभागिता करती नजर आई। कभी वह ट्रे में गिलास सजाना पसंद करती, तो कभी बड़े से जग को पकड़कर गिलास में मठा भरने का प्रयास करती।
इस आयोजन में पायल खंडेलवाल, अंजलि खंडेलवाल, वर्षा खंडेलवाल, प्रभा रावत, राज जैन, रीना जैन, सुमन शर्मा, सुलेखा जोशी, प्रिया पंजवानी, पिंकी खंडेलवाल, स्नेहा राठौड़, सरिता दोशी, संतोष साहू, राजा साहू, रिज़वान अली एवं घनश्याम साहू का सहयोग रहा।

### त्रिस्तरीय पंचायत उप निर्वाचन 2026 : आज मतदान

**धमतरी।** त्रिस्तरीय पंचायत उप निर्वाचन 2026 के तहत 1 जून को मतदान होगा। श्रम विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक शासकीय एवं निजी संस्थानों, कारखानों में 1 जून को उप निर्वाचन क्षेत्रों के अंतर्गत कार्यरत श्रमिकों, कर्मचारियों के लिए अवकाश घोषित किया गया है। श्रम पदाधिकारी ने बताया कि छत्तीसगढ़ दुकान एवं स्थापना अधिनियम के तहत आने वाले कारखानों, स्थापनाओं में कार्यरत उन श्रमिक, कर्मचारियों के लिए मतदान के दिन 1 जून को राज्य शासन द्वारा संबंधित निर्वाचन क्षेत्र में अवकाश घोषित किया गया है। ऐसे कारखाने जो सातों दिन कार्य करते हैं, वहां प्रथम एवं द्वितीय पाली के श्रमिकों को मतदान के दिन 2-2 घंटे का अवकाश घोषित किया गया और जो कारखाने निरंतर प्रक्रिया के तहत आते हैं, उनमें काम करने वाले श्रमिकों को बारी-बारी से मतदान की सुविधा दी जाएगी।

### पुलिस बल का गांव-गांव में जनजागरूकता अभियान

**धमतरी।** पुलिस अधीक्षक सूरज सिंह परिहार द्वारा आयोजित समीक्षा बैठक में दिए गए निर्देशों के पालन में जिले की पुलिस ने जनसहभागिता आधारित सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए व्यापक अभियान शुरू किया है। इसके तहत सभी थाना एवं चौकी प्रभारियों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों में ग्राम प्रमुखों, जनप्रतिनिधियों, ग्राम कोटवारों, ग्राम पटेलों एवं स्थानीय गणमान्य नागरिकों की नियमित बैठकें आयोजित की जा रही हैं। इन बैठकों का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करना, बाहरी और संदिग्ध व्यक्तियों की पहचान एवं निगरानी को सख्त करना तथा अपराधों पर रोक लगाना है।

## पेज 9 के शेष

### एक एकड़ में 300 ...

ने पौधों की सुरक्षा और देखरेख के लिए पारंपरिक ठेंगा पारी व्यवस्था को लागू करने का भी निर्णय लिया है। यह व्यवस्था पूर्व से ग्राम में प्रचलित रही है, जिसके अंतर्गत ग्रामीण बारी-बारी से पौधों और वन क्षेत्र की निगरानी करते हैं। इससे पौधों के संरक्षण और उनकी बेहतर वृद्धि सुनिश्चित होगी। इस पौधरोपण अभियान का उद्देश्य जल, जंगल और जमीन की रक्षा करना, वन्यजीवों एवं जैव विविधता का संरक्षण करना तथा वनोपज आधारित आजीविका को मजबूत बनाना है। साथ ही भविष्य की पीढ़ियों के लिए प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण सुनिश्चित करना भी इसका प्रमुख लक्ष्य है।

### ग्रामीणों के लिए ...

में उल्लेखनीय वृद्धि होती है। मछली उत्पादन से होने वाली आय से ग्रामीणों और आदिवासी समुदायों की आर्थिक स्थिति मजबूत हो रही है और उनका जीवन स्तर सुधर रहा है।

# किसान परिवार के श्रवण कुमार का अग्निवीर में चयन

## डीहीपारा के बेटा की सफलता पर गांव में मनी खुशी

हरिभूमि न्यूज ⏭ केशकाल

कड़ी मेहनत, संघर्ष और अटूट हौसले के दम पर बड़ेराजपुर विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत हरवेल के आश्रित ग्राम डीहीपारा के युवा श्रवण कुमार मरकाम ने भारतीय सेना के अग्निवीर भर्ती में चयन हासिल कर पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। साधारण किसान परिवार से आने वाले श्रवण की इस सफलता से गांव सहित आसपास के क्षेत्र में खुशी का माहौल है।

श्रवण कुमार मरकाम ने वर्ष 2022 में सेना में भर्ती होने का सपना देखा और उसी लक्ष्य को लेकर तैयारी शुरू कर दी। उन्होंने पहली से बारहवीं तक की पढ़ाई गांव में रहकर पूरी की। आर्थिक परिस्थितियां सामान्य होने के बावजूद उन्होंने अपने लक्ष्य से कभी समझौता नहीं किया। वर्ष 2024 में उन्हें सेना भर्ती परीक्षा देने का अवसर मिला, लेकिन अंतिम मेरिट सूची में उनका चयन नहीं हो सका। इस असफलता से वे कुछ समय के लिए निराश जरूर हुए, मगर उन्होंने हार नहीं मानी और दोगुने उत्साह के साथ तैयारी में जुट गए। लगातार मेहनत और संघर्ष के बाद वर्ष 2025 में जगदलपुर में आयोजित चयन प्रक्रिया में श्रवण कुमार मरकाम का चयन इंडियन आर्मी अग्निवीर के लिए हो गया। चयन की खबर मिलते ही डीहीपारा गांव में हर्ष का माहौल बन गया। ग्रामीणों ने इसे पूरे क्षेत्र के लिए गौरव का क्षण बताया। श्रवण ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता बालसिंह मरकाम एवं कौशिल्या मरकाम, मामा सुग्रीव वट्टी, शिक्षकों और गांव के लोगों को दिया है।



### मेहनत सच्ची हो, तो असफलता भी एक दिन बदल जाती है सफलता में

उन्होंने कहा कि "अगर लक्ष्य स्पष्ट हो और मेहनत सच्ची हो, तो असफलता भी एक दिन सफलता में बदल जाती है।" श्रवण की इस उपलब्धि पर सरपंच महेश नेताम सहित क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर उनकी माता कौशिल्या मरकाम, बड़े पापा हीरासिंह मरकाम, राजन्तिन मरकाम, गोपी मरकाम, सोनारी मरकाम, मलसाय मरकाम, गर्जन मंडावी, सुखदास नेताम, अमृत मंडावी, रमेश मंडावी, रघुनाथ मरकाम सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## पुलिस को मित्र, सहपाठी और बंधु मानकर समस्याएं खुलकर करें साझा: एसडीओपी

# कोंडागांव पुलिस की नई पहल 'सहयोग चौपाल' शुरू, गांव- गांव जाकर सुनीं जाएंगी समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरसगांव



अनुभाग में पुलिस की अभिनव पहल "सहयोग चौपाल" का शुभारंभ किया गया। इसके तहत थाना उरंदाबेड़ा के भोंगापाल एवं थाना बड़ेडोंगर के पावड़ा गांव में चौपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनी गईं। पुलिस अधीक्षक पंकज चंद्रा एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कपिल चंद्रा के मार्गदर्शन तथा एसडीओपी अभिनव उपाध्याय के नेतृत्व में शुरू की गई।

चौपाल में एसडीओपी अभिनव उपाध्याय ने कहा कि पुलिस का कार्य केवल सुरक्षा तक सीमित नहीं है, बल्कि आमजन के साथ सहयोगात्मक संबंध स्थापित कर उनकी समस्याओं के समाधान में भी भागीदारी निभाना है। उन्होंने ग्रामीणों से पुलिस को मित्र, सहपाठी और बंधु मानकर अपनी समस्याएं खुलकर साझा करने की अपील की।

कार्यक्रम में साइबर अपराधों से बचाव पर विशेष जागरूकता दी गई। लोगों को म्यूल सिम, म्यूल अकाउंट, फर्जी टोल-फ्री नंबर, फेक वेबसाइट और तथाकथित "डिजिटल अरेस्ट" जैसी साइबर ठगी के तरीकों से सावधान रहने की सलाह दी गई। पुलिस ने बताया कि लालच, लापरवाही और डर साइबर अपराधियों के सबसे बड़े हथियार हैं।

थाना प्रभारी राजकुमार सोरी एवं भोगराज ध्रुव ने स्थानीय बोली में यातायात नियमों, नशामुक्ति, नाबालिगों पर होने वाले अपराध, वाहन बीमा, ड्राइविंग लाइसेंस एवं भूमि विवादों संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी देकर ग्रामीणों को जागरूक किया। इस दौरान ग्रामीणों ने पावड़ा गांव में उप स्वास्थ्य केंद्र के पास खराब हैंडपंप और नल-जल योजना के क्रियान्वयन से जुड़ी समस्याएं पुलिस के समक्ष रखीं। पुलिस ने संबंधित विभागों से त्वरित पत्राचार कर समस्या के समाधान की प्रक्रिया शुरू करने की जानकारी दी। ग्रामीणों ने सहयोग चौपाल की सराहना करते हुए इसे पुलिस और जनता के बीच विश्वास बढ़ाने वाली पहल बताया तथा भविष्य में भी बढ़-चढ़कर भागीदारी का भरोसा दिलाया।

### गौरगांव में केशकाल पुलिस ने सुनी जनता की समस्याएं, सुझाव व शिकायतें

केशकाल। सहयोग चौपाल ग्रामीण क्षेत्रों में जनसमस्याओं के समाधान का प्रभावी मंच बनकर उभर रही है। चौपाल के दौरान ग्रामीणों ने अपनी समस्याएं, शिकायतें और सुझाव सीधे पुलिस अधिकारियों के समक्ष रखे। आपसी विवाद, सामाजिक मनमुटाव, भूमि संबंधी मामले, कानून व्यवस्था एवं



अन्य स्थानीय मुद्दों पर खुलकर चर्चा की गई। अधिकारियों ने ग्रामीणों को कानूनी जानकारी प्रदान करते हुए आपसी सौहार्द, भाईचारे और सहभागिता की भावना के साथ रहने की समझाइश दी। साथ ही समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए। इसी कड़ी में थाना केशकाल क्षेत्र अंतर्गत ग्राम गौरगांव में सहयोग चौपाल का आयोजन किया गया। पुलिस अधीक्षक कोंडागांव पंकज चंद्रा के निर्देशानुसार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कपिल चंद्रा एवं एसडीओपी अरुण नेताम के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी विकास बघेल के नेतृत्व में आयोजित इस चौपाल में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया। विशेष बात यह रही कि /"सहयोग चौपाल/" को ग्रामीणों का सकारात्मक और उत्साहजनक प्रतिसाद मिल रहा है। लोग स्वस्फूर्त रूप से चौपाल में शामिल होकर अपनी समस्याएं पुलिस के समक्ष रख रहे हैं तथा उनके समाधान की दिशा में हो रही पहल से संतुष्टि जता रहे हैं।

# उपचुनावः मतदान दल हुआ रवाना आज सुबह 8 बजे से मतदान



हरिभूमि न्यूज ⏭ फरसगांव

नगर पंचायत के वार्ड क्रमांक 01 एवं 12 में होने वाले उपचुनाव के लिए रविवार को मतदान दलों को मतदान सामग्री के साथ संबंधित मतदान केंद्रों के लिए रवाना किया गया। निर्वाचन अधिकारी फरसगांव एसडीएम अश्वन पुसाम ने कन्या हाई स्कूल स्थित स्ट्रांग रूम से मतदान दलों को रवाना करते हुए निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान संपन्न कराने के निर्देश दिए।

■ वार्ड क्रमांक 01 एवं 12 में आज डाले जाएंगे वोट

वार्ड क्रमांक 01 के लिए वन विभाग डिपो कॉलोनी स्थित शासकीय भवन तथा वार्ड क्रमांक 12 के लिए आदर्श स्कूल में मतदान केंद्र बनाए गए हैं। दोनों वार्डों में आज 1 जून को सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक मतदान होगा। प्रशासन ने शांतिपूर्ण मतदान के लिए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए हैं। इस दौरान नायब तहसीलदार निधि नेताम, थाना प्रभारी चंद्रशेखर श्रीवास, बड़े डोंगर थाना प्रभारी राजकुमार शोरी एवं नगर पंचायत सीएमओ मयंक बसंतवानी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### चुनाव प्रचार में प्रत्याशियों ने झोंकी ताकत

*वार्ड 01 में कांग्रेस ने उमेश सोना और भाजपा ने प्रेमनाग को उम्मीदवार बनाया है, जबकि वार्ड 12 में कांग्रेस की सावित्री मरकाम तथा भाजपा की छबीला नेताम मैदान में हैं। दोनों प्रमुख दलों ने चुनाव प्रचार में पूरी ताकत झोंक दी है। अब सभी की नजर मतदान प्रतिशत और परिणाम पर टिकी हुई है।*

# सुशासन तिहार बना संगीता सोरी के लिए राहत का माध्यम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में आयोजित सुशासन तिहार आम लोगों की समस्याओं के त्वरित समाधान का प्रभावी माध्यम बन रहा है। इसी क्रम में विकासखंड माकड़ी के ग्राम कोकोड़ी निवासी संगीता सोरी को समाधान शिविर में श्रम कार्ड प्रदान किया गया।



संगीता सोरी लंबे समय से श्रम कार्ड बनवाना चाहती थीं, ताकि उन्हें शासन की श्रमिक हितैषी योजनाओं का लाभ मिल सके। जानकारी और संसाधनों के अभाव में वे आवेदन नहीं कर पा रही थीं। सुशासन तिहार के तहत आयोजित माकड़ी समाधान शिविर में पहुंचकर उन्होंने श्रम कार्ड के लिए आवेदन किया। अधिकारियों और कर्मचारियों ने दस्तावेजों का सत्यापन कर त्वरित प्रक्रिया पूरी करते हुए उन्हें तत्काल श्रम कार्ड उपलब्ध कराया। श्रम कार्ड मिलने के बाद अब संगीता सोरी को विभिन्न श्रमिक कल्याणकारी योजनाओं और सामाजिक सुरक्षा सुविधाओं का लाभ प्राप्त करने में सुविधा होगी।

■ समाधान शिविर में मिला श्रम कार्ड

### गांव तक पहुंच रहा प्रशासन

संगीता सोरी ने बताया कि पहले छोटे–छोटे कायोंर् के लिए कई बार कार्यालयों के चक्कर लगाने पड़ते थे, लेकिन अब सुशासन तिहार के माध्यम से प्रशासन स्वयं गांवों तक पहुंचकर लोगों की समस्याओं का समाधान कर रहा है। सुशासन तिहार के तहत श्रम कार्ड, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, पेंशन तथा राजस्व प्रकरणों सहित विभिन्न विभागों के आवेदनों का मौके पर निराकरण किया जा रहा है। इससे ग्रामीणों का शासन और प्रशासन के प्रति विश्वास लगातार मजबूत हो रहा है।

# नगर के विभिन्न संगठनों ने रूपनारायण को दी श्रद्धांजलि



हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

स्वदेशी जागरण मंच, योगेश फाउंडेशन, एक पहल मॉर्निंग ग्रुप, रमसगरी गार्डन योगा ग्रुप, बेसी ग्रुप, स्टेडियम मार्निंग ग्रुप के सदस्यों ने योग आयोग के अध्यक्ष रूपनारायण सिन्हा के आकस्मिक निधन पर अश्रुपूरित श्रद्धांजलि अर्पित की है। योगेश फाउंडेशन की संचालिका अंकिता रत्नेश मिश्रा ने कहा कि श्री सिन्हा ने योग को केवल आसन और प्रणायाम तक सीमित नहीं रखा अपितु उसे हर व्यक्ति तक पहुंचाने का प्रयास किया। आयोग अध्यक्ष के रूप में उन्होंने योग शिक्षा, प्रशिक्षण और शोध को एक नई दिशा दी। स्वदेशी जागरण मंच के जिला संयोजक भूपेन्द्र मिश्रा ने कहा कि रूपनारायण सिन्हा का आकस्मिक निधन सम्पूर्ण समाज के लिए अपूरणीय क्षति है।

एक पहल मॉर्निंग ग्रुप के शत्रुघ्न सिंह सोम, पवन गिरी गोस्वामी, संदीप राव, लखन सिन्हा, पार्षद पिन्टू यादव ने कहा कि स्व. रूपनारायण सिन्हा का स्नेह सरलता, संगठन क्षमता और समाज के प्रति समर्पण सदैव स्मृतियों में जीवंत रहेगा। बेसी ग्रुप के लक्ष्मण ज्ञासी, मुकेश पटेल, अशोक साहू, रोहित सोनी, राजेश यादव, पार्षद हेमन्त बंजारे ने कहा कि उन्होंने संगठन, जनसेवा, योग तथा भारतीय संस्कृति के संवर्धन में उल्लेखनीय योगदान दिया।

# मुन्नर स्केटिंग करते हुए केशकाल पहुंचे, लोगों ने किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ केशकाल



उत्तर प्रदेश के गोरखपुर निवासी मुन्नर निषाद इन दिनों स्केटिंग यात्रा के माध्यम से देश भ्रमण पर निकले हुए हैं। अपनी अनोखी यात्रा के दौरान वे रविवार दोपहर केशकाल पहुंचे, जहां स्थानीय लोगों ने उनका आत्मीय स्वागत किया।

मुन्नार निषाद ने बताया कि वे देश के 30 राज्यों का भ्रमण करने के संकल्प के साथ कृष्ण जन्माष्टमी 2025 से यात्रा पर निकले थे। अब तक वे लगभग 10 महीनों की यात्रा पूरी कर चुके हैं। इस दौरान वे गुजरात, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, कर्नाटक, गोवा, केरला, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना सहित कई राज्यों का भ्रमण कर चुके हैं। वर्तमान में उनकी यात्रा छत्तीसगढ़ में जारी है। उन्होंने कहा कि यह केवल साहसिक यात्रा नहीं, बल्कि आध्यात्मिक और सांस्कृतिक अभियान भी है। यात्रा के दौरान उन्होंने देश के 12 ज्योतिर्लिंग, चारधाम और 20 शक्तिपीठों के दर्शन करने का संकल्प लिया है। साथ ही रास्ते में आने वाले छोटे-बड़े मंदिरों में भी दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त कर रहे हैं।

### संस्कृति, जीवनशैली व परंपरा- खानपान को समझना उद्देश्य

मुन्नार निषाद ने हरिभूमि प्रतिनिधि को बताया कि उनकी यात्रा का मुख्य उद्देश्य देश की विविध संस्कृति, परंपरा, खानपान और लोगों की जीवनशैली को करीब से समझना है। वे जहां भी पहुंचते हैं, वहां के लोगों से मिलकर स्थानीय संस्कृति और परंपराओं को जानने का प्रयास करते हैं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक राज्य की राजधानी तक पहुंचना भी उनकी यात्रा का हिस्सा है। केशकाल पहुंचने के बाद वे टाटामारी में रात्रि विश्राम करेंगे। इसके बाद सोमवार को प्रसिद्ध शिव के धाम गोबरहिन के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त करेंगे।उनकी इस अनोखी स्केटिंग यात्रा को लेकर क्षेत्र के लोगों में उत्साह देखने को मिल रहा है।

# किसानों ने सीखे आधुनिक कृषि के गुर

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



तहसील साहू समाज ग्रामीण के तत्वावधान में उन्नत तकनीकी कृषि एवं कृषि नवाचार अध्ययन भ्रमण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समाज के किसानों, पदाधिकारियों एवं सामाजिकजनों ने भाग लेकर आधुनिक खेती की जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम का नेतृत्व प्रगतिशील कृषक एवं समाजसेवी अरुण सार्वा ने किया। उन्होंने अपने फार्म में आधुनिक एवं वैज्ञानिक खेती के विभिन्न मॉडल का अवलोकन कराया। अध्ययन भ्रमण के दौरान लगभग 50 से 60 किसान एवं पदाधिकारी खिड़कीटोला स्थित करीब 100 एकड़ में फैले टमाटर फार्म पहुंचे, जहां टमाटर की ग्राफ्टिंग तकनीक, पाली हाउस में पौध तैयार करने की प्रक्रिया तथा हाइब्रिड फलदार पौधों की खेती के बारे में जानकारी दी गई। इसके अलावा अमरूद, मिर्ची, भटा, खीरा और गोभी की उन्नत खेती की पद्धति को भी किसानों ने करीब से समझा। श्री सार्वा ने बताया कि वैज्ञानिक खेती अपनाकर उत्पादन और आय दोनों में वृद्धि संभव है। तहसील साहू संघ ग्रामीण अध्यक्ष चिरौंजीलाल साहू ने कहा कि समाज यदि आधुनिक खेती अपनाए तो आर्थिक रूप से मजबूत बन सकता है। पूर्व सांसद प्रतिनिधि उमेश साहू, तहसील सचिव हिरेंद्र साहू, किसान नेता प्रफुल्ल साहू, वरिष्ठ समाजसेवी रामआश्रय साहू तथा आमदी नगर पंचायत साहू संघ अध्यक्ष तेजराम साहू ने भी कार्यक्रम की सराहना की।

### तालाब निर्माण कार्य का किया निरीक्षण

इसके बाद ढ़ुगली स्थित फार्म में नई फसल की तैयारियों तथा ग्राम सांकरा में विकसित किए जा रहे मखाना खेती परियोजना एवं तालाब निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। इसे आत्मनिर्भर कृषि मॉडल के रूप में विकसित किया जा रहा है। मसानडबरा में आदिवासी परिवारों के लिए विकसित की जा रही आधुनिक कॉलोनी का भी अवलोकन किया।

माहवारी स्वच्छता कार्यशाला का आयोजन कर बांटे निःशुल्क सेनेटरी पैड

# माहवारी स्वच्छता दिवस पर ग्राम भोथली में कार्यशाला का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



धमतरी ब्लॉक के एक छोटे से गांव भोथली जहां के युवाओं ने गांव के सर्वांगीण विकास का जिम्मा उठाया है। जहां हर क्षेत्र में युवा अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर रहा है। इसी प्रकार विश्व माहवारी स्वच्छता दिवस के अवसर पर जतन नवयुवक मंडल लगातार 5 वर्षों से गांव में कार्यशाला और निःशुल्क सेनेटरी पैड वितरण का कार्य कर रहे हैं।

कार्यक्रम का शुभारंभ युवाओं के प्रेरणा स्त्रोत स्वामी विवेकानंद जी के छाया चित्र पर माल्यार्पण कर हुआ जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में सुश्री नेहा साहू सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी रही। उन्होंने कहा कि आज सब शिक्षित होकर माहवारी के प्रति जागरूक हो रहे है। लेकिन आज के समय में हार्मोन्स का असंतुलन होना समस्या दे रहा है। जिसका मुख्य कारण हमारा दैनिक दिनचर्या और खान पान है। जिसमें हमें सुधार करने की आवश्यकता है, माहवारी में पुरुषों की सहभागिता को लेकर वक्ता के रूप में शामिल कार्यक्रम अधिकारी डॉ गणेश प्रसाद साहू व्याख्याता ने कहा कि महिलाओं में माहवारी का आना प्राकृतिक क्रिया है इसे ना हीं छुपाए ना ही शर्माएं बल्कि घर के बड़े बुजुर्गों से इस बारे में सलाह मशविरा जरूर करें। गांव की मुखिया सरपंच श्रीमती शिवरात्रि ध्रुव ने कहा कि हमारा पहला गांव होगा जहां के युवा माहवारी जैसे विषय पर कार्यशाला का आयोजन हर साल करता है। गांव के मितानिनों के साथ किशोरियों द्वारा सर्वे कराया गया जिसे गांव में फैले 70 प्रतिशत शिक्षित महिला और युवतियां आज भी रूढ़िवादी प्रवृत्ति का पालन कर रहे हैं। कार्यशाला में उद्बोधन के अलावा खेल गतिविधियां, प्रश्नोत्तरी और निःशुल्क सेनेटरी पैड का वितरण अतिथियों द्वारा किया। विनायक दामोदर सावरकर जयंती पर उनके जीवन से संबंधित सामाजिक एवं क्रांतिकारी गतिविधियों के बारे में गणेश प्रसाद साहू के द्वारा बताया गया एवं उनके देशभक्ति विचारधारा, समाज सुधारक, प्रखर लेखक ,कवि और स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, वीर सावरकर के जीवन के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला गया। तथा तालाब एवं जल स्त्रोतों के संबंध में शपथ भी दिलाया गया।

**खबर संक्षेप**



### आदिवासियों की ज्वलंत समस्याओं का निराकरण करने की मांग

**धमतरी।** अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवक विकास संघ छत्तीसगढ़ के प्रतिनिधिमंडल ने आदिवासी समाज से जुड़ी विभिन्न ज्वलंत समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर भारत सरकार के केंद्रीय राज्य मंत्री (अनुसूचित जनजाति मामले) दुर्गा दास उइके से न्यू सर्किट हाउस रायपुर में भेंट कर ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल ने आदिवासी वर्ग के संवैधानिक अधिकारों और लंबित मांगों पर मंत्री का ध्यान आकर्षित करते हुए शीघ्र कार्रवाई की मांग की। इस दौरान अनुसूचित जनजाति आयोग के सचिव पवन नेताम, अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवक विकास संघ छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष आर.एन. ध्रुव, गोंडवाना गोंड महासभा के राष्ट्रीय सचिव कमलेश मंडावी, प्रदेश संयुक्त सचिव एस.पी. ध्रुव, आदिवासी समन्वय मंच भारत के डमरूधर मांझी सहित अन्य सामाजिक प्रतिनिधि उपस्थित रहे। ज्ञापन में सुप्रीम कोर्ट के आदेशों के अनुरूप पदोन्नति में आरक्षण लागू करने, छात्रवृत्ति के लिए निर्धारित आय सीमा समाप्त करने तथा फर्जी जाति प्रमाण पत्र धारकों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग प्रमुख रूप से रखी गई।

### सिस्टर ट्यूटर लक्ष्मी साहू नर्सिंग काउंसिल की रजिस्ट्रार नियुक्त

**धमतरी।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा जिले की सिस्टर ट्यूटर श्रीमती लक्ष्मी साहू को छग नर्सिंग काउंसिल का रजिस्ट्रार नियुक्त किए जाने पर छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के प्रांतीय एवं जिला पदाधिकारियों सहित संघ के सदस्यों ने हर्ष व्यक्त किया है। संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि श्रीमती लक्ष्मी साहू का नर्सिंग एवं स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में लंबा अनुभव, कार्यकुशलता तथा समर्पित सेवाएं इस महत्वपूर्ण दायित्व के निर्वहन में निश्चित रूप से लाभकारी सिद्ध होंगी।

# धाकड़ समाज की नई पहल, समाज कल्याण निधि से मजबूत होगी आर्थिक स्थिति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बस्तर

बस्तर धाकड़ समाज कल्याण समिति की बैठक माता मावली मंदिर परिसर में आयोजित की गई। बैठक समाज के जिलाध्यक्ष नरेंद्र सिंह ठाकुर की अध्यक्षता में हुई। इस दौरान समाज में चल रही वर्तमान गतिविधियों की समीक्षा की गई। इसके साथ ही सामाजिक जनगणना और राम मंदिर निर्माण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर भी विस्तार से चर्चा हुई।

बैठक का मुख्य केंद्र बिंदु समाज के आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों और बेरोजगार युवाओं को संबल प्रदान करना रहा। वर्तमान में समाज के कई ऐसे परिवार हैं, जिनकी आर्थिक स्थिति दयनीय है और वे केवल अपनी बुनियादी जरूरतें ही पूरी कर पाते हैं। मजबूरन उन्हें अपनी आजीविका के लिए साहूकारों से ऊंचे ब्याज पर कर्ज लेना पड़ता है। इस गंभीर समस्या के समाधान और बेरोजगार युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए बैठक में एक विशेष योजना का खाका तैयार किया गया, जिसे धाकड़ समाज कल्याण निधि नाम दिया गया है। इस योजना से गरीब परिवारों को ऊंची ब्याज दरों और कर्ज के जाल से आजादी मिलेगी।



#### स्वरोजगार को बढ़ावा

बेरोजगार युवाओं को अपना छोटा व्यवसाय शुरू करने के न्यूनतम ब्याज दर से शुरुआती पूंजी मिलेगी। हर महीने योगदान करने से समाज के लोगों में आपसी सहयोग और अपनेपन की भावना मजबूत होगी। इसमें पारदर्शिता से एकत्रित धन का हिसाब-किताब पूरी तरह साफ होना जरूरी है अन्यथा आपसी मतभेद पैदा हो सकते हैं। सहायता पाने वाले सदस्य समय पर पैसा वापस लौटाएं ताकि वह पैसा आगे किसी और बेरोजगार के काम आ सके। फंड केवल उन्हीं लोगों को मिले जो सच में जरूरतमंद हैं और मेहनत से काम करना चाहते हैं। इस योजना में समाज का प्रत्येक सदस्य प्रति माह न्यूनतम 100 रुपये की राशि एकत्रित करेगा। सदस्य अपनी स्वेच्छा से अधिकतम कितनी भी राशि का योगदान इस कोष में दे सकते हैं। इस जमा पूंजी (निधि) से उन बेरोजगार युवाओं को वित्तीय सहायता दी जाएगी, जो स्वयं का व्यवसाय शुरू करना चाहते हैं। योजना का मुख्य उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति की आय बढ़ाकर उन्हें समृद्ध बनाना है। सामाजिक स्तर पर इस दूरदर्शी कदम की सराहना की जा रही है। समाज के प्रबुद्ध जनों का मानना है कि यह पहल आने वाले समय में मील का पत्थर साबित होगी। बैठक में धाकड़ समाज के अध्यक्ष, सचिव, कार्यकारिणी समिति के पदाधिकारी सहित बड़ी संख्या में सामाजिक बंधु उपस्थित थे।

## ग्रामीणों ने क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति और खुशहाली की कामना की

# बस्तर की पहचान उसकी संस्कृति, परंपराओं और सामुदायिक जीवन से है : बघेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ घाटलोहंगा

बस्तर के ग्राम पंचायत आड़ावाल के आश्रित ग्राम नारायणपाल एवं भरनी जोदरागुड़ा पारा में नव निर्मित माता गुड़ी के उद्घाटन कार्यक्रम उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। इस अवसर पर विधायक लखेश्वर बघेल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों, जनप्रतिनिधियों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भाग लेकर बस्तर की समृद्ध सांस्कृतिक परंपराओं के प्रति अपनी आस्था और सम्मान व्यक्त किया। उद्घाटन कार्यक्रम की शुरुआत पारंपरिक पूजा-अर्चना एवं धार्मिक अनुष्ठानों के साथ हुई।

■ कार्यक्रम की शुरुआत पारंपरिक पूजा-अर्चना व धार्मिक अनुष्ठानों के साथ हुई



माता गुड़ी में विधिवत पूजा संपन्न होने के बाद ग्रामीणों ने क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति और खुशहाली की कामना की। दोनों माता गुड़ियों के लोकार्पण के पश्चात सभा को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि बस्तर की पहचान उसकी संस्कृति, परंपराओं और सामुदायिक जीवन से है, जिसे संरक्षित रखने में देवगुड़ियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने बस्तर की सांस्कृतिक धरोहरों के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए लगातार कार्य कर रही है। इसी कड़ी में विभिन्न गांवों की देवगुड़ियों के निर्माण एवं मरम्मत कार्यों को प्राथमिकता दी जा रही है, ताकि आने वाली पीढ़ियां अपनी जड़ों और सांस्कृतिक विरासत से जुड़ी रहें।

विधायक ने कहा कि यह केवल पूजा-अर्चना का स्थान नहीं, बल्कि गांव की सामाजिक, सांस्कृतिक और धार्मिक गतिविधियों का प्रमुख केंद्र होती है। उन्होंने कहा कि देवगुड़ी वह स्थान है जहां गांव की नेग-नीति, परंपराएं, रीति-रिवाज और सामुदायिक निर्णयों से जुड़े कार्यक्रम आयोजित होते हैं। यह बस्तर की सांस्कृतिक अस्मिता का प्रतीक है और लोगों की आस्था का केंद्र भी है। इसलिए इन स्थलों का संरक्षण और विकास समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने शासन द्वारा देवगुड़ियों के संरक्षण एवं विकास के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यों से न केवल धार्मिक आस्था को मजबूती मिलती है, बल्कि बस्तर की परंपराओं और सांस्कृतिक मूल्यों को भी नई पीढ़ी तक पहुंचाने में सहायता मिलती है। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष बालेश चंद्र दुबे, जिला महामंत्री मानसिंह कवासी, जनपद सदस्य हेमराज बघेल, सरपंच अमृत कश्यप, रूपसाय कोराम, उपसरपंच दिलीप ठाकुर, पुजारी बासुदेव बघेल, श्यामसुंदर कश्यप, पंचगण एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन पारंपरिक रीति-रिवाजों, सामुदायिक सहभागिता और अतिथियों के सम्मान के साथ हुआ। ग्रामीणों ने अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए लच्छू राम बघेल ने कहा विधायक ने बस्तर की सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित और आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

# फाइनल में बिलासपुर को हरा रायपुर ब्लू बना चैंपियन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ के तत्वावधान में पीजी कॉलेज क्रिकेट स्टेडियम में आयोजित 4 दिवसीय स्व. विनोद पेंढारकर स्मृति अंडर-16 एलीट ग्रुप का फाइनल मैच रायपुर ब्लू ने बिलासपुर को हराकर जीता।

■ पीजी कॉलेज स्टेडियम में स्व. विनोद पेंढारकर स्मृति में अंडर-16 एलीट ग्रुप का आयोजन

मैच में बिलासपुर की टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया और रायपुर ब्लू को बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया। रायपुर ब्लू की टीम ने सधी हुई शुरुआत करते हुए 143 ओवरों में 10 विकेट खोकर 407 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। 407 रनों के बड़े लक्ष्य का पीछा करने उतरी बिलासपुर की टीम रायपुर ब्लू की घातक गेंदबाजी के सामने टिक नहीं सकी। पूरी टीम 108.5 ओवर में महज 206 रनों पर ऑलआउट हो गई। विजेता टीम रायपुर ब्लू को छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ के सहसचिव अजय तिवारी ने विनर कप प्रदान किया। वहीं उपविजेता बिलासपुर की टीम को धमतरी जिला क्रिकेट संघ के सचिव अजय बाबर ने रनर कप सौंपकर पुरस्कृत किया। सकुश गुप्ता सहसचिव ने बताया कि जिला क्रिकेट संघ द्वारा विगत 6 वर्षों से पीजी कॉलेज क्रिकेट स्टेडियम का रख-रखाव व संचालन सफलतापूर्वक किया जा रहा है। मई माह की भीषण गर्मी में भी स्टेडियम की हरी-भरी घासयुक्त आउटफील्ड और बेहतरीन पिच की ऑब्जर्वर, अंपायर्स और दोनों टीमों के कोच ने जमकर प्रशंसा की।

# भेल में भांसी आईटीआई में पढ़े यशराज का चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बचेली/दंतेवाड़ा

दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा जिले के बचेली क्षेत्र के एक होनहार युवक ने राष्ट्रीय स्तर पर अपनी सफलता का परचम लहराया है। एनएमडीसी डीएवी आईटीआई भांसी के पूर्व छात्र यशराज साहू ने देश की प्रतिष्ठित महारत्न सार्वजनिक उपक्रम कंपनी भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (भेल) में चयनित होकर समूचे बस्तर संभाग और छत्तीसगढ़ राज्य को गौरवान्वित किया है। यशराज का चयन इलेक्ट्रीशियन आर्टिजन ग्रेड-चतुर्थ के पद पर बीएचईएल ईएसडी (भेल ईएसडी), बेंगलुरु में हुआ है।



उल्लेखनीय है कि भेल द्वारा निकाली गई इस भर्ती के लिए न्यूनतम तकनीकी योग्यता आईटीआई (इलेक्ट्रीशियन ट्रेड) निर्धारित थी। यशराज ने भांसी आईटीआई से प्रशिक्षण के दौरान शानदार अकादमिक रिकॉर्ड बनाया था। उन्होंने प्रथम वर्ष में 90 प्रतिशत और द्वितीय वर्ष में 94 प्रतिशत अंक अर्जित कर कुल 92 प्रतिशत के साथ अपने ट्रेड में शीर्ष (टॉपर) स्थान प्राप्त किया था। इस उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए संस्थान ने उन्हें मेधावी छात्र पुरस्कार से भी नवाजा था। इसके बाद उन्होंने एनएमडीसी बीआईओएम बचेली कॉम्प्लेक्स के लोडिंग प्लांट विभाग से एक वर्षीय अप्रेंटिसशिप पूरी की। बीएचईएल में चयन के लिए आयोजित देशव्यापी प्रतिस्पर्धी प्रक्रिया के तहत यशराज ने कंप्यूटर बेस्ड टेस्ट (सीबीटी), स्किल टेस्ट, दस्तावेज सत्यापन और मेडिकल परीक्षण के सभी कड़े चरणों को सफलतापूर्वक उत्तीर्ण किया। उन्होंने 4 मई को बेंगलुरु में अपनी जॉइनिंग दे दी है। सबसे गौरव की बात यह है कि इस पूरी भर्ती बैच में छत्तीसगढ़ राज्य से चयनित होकर जॉइन करने वाले वे एकमात्र अभ्यर्थी हैं।

यशराज के पिता बुलेश साहू एनएमडीसी में एचईएम ऑपरेटर के पद पर कार्यरत हैं तथा माता सरस्वती साहू गृहिणी हैं। यशराज ने अपनी इस ऐतिहासिक सफलता का श्रेय अपने माता-पिता के त्याग, शिक्षकों के मार्गदर्शन और एनएमडीसी डीएवी आईटीआई भांसी के अनुशासित व उच्च स्तरीय तकनीकी माहौल को दिया है।

संस्थान के प्राचार्य ने यशराज की इस असाधारण उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह सफलता अन्य प्रशिक्षुओं के लिए प्रेरणा बनेगी। इससे साबित होता है कि आईटीआई के माध्यम से सही कौशल आधारित प्रशिक्षण पाकर देश की अग्रणी कंपनियों में शानदार करियर बनाया जा सकता है।

यशराज की इस बड़ी कामयाबी पर एनएमडीसी प्रबंधन, स्थानीय जनप्रतिनिधियों, क्षेत्रवासियों और शुभचिंतकों ने बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

**आंगनबाड़ी बनी जागरूकता का केंद्र**

# गांव-गांव तक पहुंच रहा माहवारी स्वच्छता का संदेश



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीजापुर

चुप्पी तोड़ो, खुलकर बोलो माहवारी स्वच्छता दिवस के अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग, जिला बीजापुर द्वारा चलाए जा रहे रेड डॉट अभियान ने पूरे जिले में जन-आंदोलन का रूप ले लिया है। गाँव की चौपाल से लेकर गारमेंट फैक्ट्री तक, हर जगह माहवारी को लेकर व्याप्त शर्म और मिथकों को तोड़ने का काम जोरों पर है।

■ बीजादूतीर स्वयंसेवक और मितानिन निभा रहीं अहम भूमिका

जिले के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों को अभियान का मुख्य केंद्र बनाया गया है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं द्वारा किशोरी बालिकाओं व महिलाओं के साथ माहवारी स्वच्छता प्रबंधन सत्र आयोजित किए जा रहे हैं। इन सत्रों में सेनेटरी पैड के सही उपयोग, साफ-सफाई और पुरानी मान्यताओं पर खुलकर चर्चा हो रही है। बीजादूतीर स्वयंसेवकों की टोलियां गाँव-गाँव जाकर किशोरियों और महिलाओं से सीधा संवाद कर रही हैं। वहीं मितानिन दीदियां घर-घर जाकर महिलाओं को व्यक्तिगत स्वच्छता और रेड डॉट अभियान के महत्व से जोड़ रही हैं। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता मितानिनों ने हथेली पर लाल बिंदी लगाकर माहवारी शर्म नहीं, सम्मान है का संदेश दिया। भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी, जिला शाखा बीजापुर के जिला रेड क्रॉस अधिकारी नरवेद सिंह ने भी रेड डॉट अभियान में सक्रिय सहभागिता निभाई। रेड क्रॉस के सदस्यों ने किशोरियों के बीच जाकर माहवारी स्वच्छता पर जागरूकता सत्र लिए और हाइजीन किट वितरण में सहयोग किया। रेड क्रॉस के सदस्यों ने भी हथेली पर रेड डॉट लगाकर स्वास्थ्य ही सेवा है के संकल्प को दोहराया।

#### सुशासन शिविर में गूंजा रेड डॉट का संदेश

जिले में चल रहे सुशासन शिविरों को भी इस अभियान से जोड़ा गया है। शिविरों में आने वाले ग्रामीणों, विशेषकर पुरुषों को भी माहवारी स्वच्छता के प्रति संवेदनशील बनाया जा रहा है। अधिकारियों-कर्मचारियों ने सामूहिक रूप से हथेली पर रेड डॉट लगाकर चुप्पी नहीं, अब बात होगी का संकल्प लिया।

#### महिलाओं को मिली हाइजीन किट

महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक और कदम बढ़ाते हुए बीजापुर की गारमेंट फैक्ट्री में कार्यरत सैकड़ों महिला श्रमिकों को महिला बाल विकास व जिला रेड क्रॉस सोसायटी के संयुक्त तत्वाधान मे माहवारी स्वच्छता किट- का वितरण किया गया। किट में सेनेटरी पैड, साबुन शामिल थी।

#### विभाग का संकल्प हर बेटी को मिले सम्मान

जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग- ने बताया, रेड डॉट सिर्फ एक निशान नहीं, बल्कि सोच बदलने का प्रतीक है। बीजापुर में आंगनबाड़ी, मितानिन, बीजादूतीर, रेड क्रॉस और सुशासन तिहार सभी माध्यमों से हम ये संदेश घर-घर पहुँचा रहे हैं। हमारा लक्ष्य है कि कोई भी किशोरी माहवारी के कारण स्कूल न छोड़े और हर महिला को सम्मान मिले।

# कलेक्टर ने सेवानिवृत्त प्रधान पाठकों को दी विदाई




हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीजापुर

सेवानिवृत्त हुए प्रधान पाठक संजय कुमार कोटे एवं कावटी गोपाल को जिला कार्यालय में कलेक्टर विश्वदीप ने आत्मीय विदाई दी। इस अवसर पर कलेक्टर ने दोनो प्रधान पाठकों की दीर्घकालीन एवं कुशलतापूर्ण सेवाकाल की सराहना करते हुए उनके आगामी जीवन के लिए उत्तम स्वास्थ्य, सुख-समृद्धि एवं दीर्घायु जीवन की कामना की। उन्होंने सेवानिवृत्त प्रधान पाठकों को पेंशन प्रमाण पत्र भी भेंट किया। कार्यक्रम में जिला कोषालय अधिकारी महावीर प्रसाद टंडन जिला शिक्षा अधिकारी लखनलाल धनेलिया सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

■ सेवानिवृत्त प्रधान पाठकों को पेंशन प्रमाण पत्र किया भेंट

# ट्रक पर पेड़ गिरने से जगदलपुर-सुकमा हाइवे पर यातायात जाम, वाहनों की लगी लंबी कतारें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर



जगदलपुर-सुकमा राष्ट्रीय मार्ग पर वाहनों की आवाजाही थम गई है। दरअसल, दरभा बाजार के पास एक विशालकाय पेड़ अचानक सड़क से गुजर रहे ट्रक पर गिर पड़ा, इसमें ड्राइवर की जान बच गई, लेकिन ट्रक के क्षतिग्रस्त होने से सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई है। सूचना मिलते ही दरभा थाना पुलिस पहुंची और जाम हटाने के लिए जेसीबी मशीन की मदद से सड़क पर गिरे पेड़ को हटाने का काम शुरू किया गया है। हादसे के कारण जगदलपुर और सुकमा की ओर आने-जाने वाले यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।




**शपथ पत्र**

मैं मन्नूराम ठाकुर उम्र-62 वर्ष पिता जगदेव सिंह जाति-धाकड़ विश्रामपुरी जिला छ.ग. शपथपूर्वक निम्न कथनों को व्यक्त करता हूं।

(1) यह कि मैं उपरोक्त पते का निवासी हूं।

(2) यह कि मैं वनरक्षक का कार्य करता था व मेरे आदेश में मन्नूराम दर्ज किया गया है।

(3) यह कि मेरे आधार कार्ड व अन्य दस्तावेज में मन्नूराम ठाकुर दर्ज है।

(4) यह कि मेरे आदेश बुक में मन्नूराम व अन्य दस्तावेज में मन्नूराम ठाकुर दोनों एक ही व्यक्ति का नाम है और जाना और पहचाना जाता है। जिस बाबत् यह शपथ पत्र प्रस्तुत करता हूं।

मन्नूराम ठाकुर
शपथकर्ता

**न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी जगदलपुर जिला बस्तर छ.ग.**

रा.प्र.क्र. / ब-121/2025-26

**// उद्घोषणा पत्र //**

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका अंजना पानीग्राही पिता सीताराम जोशी जाति ब्राम्हण निवासी महाराजा विजयचंद्र भजदेव वार्ड जगदलपुर जिला बस्तर (छ.ग.) ने आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है कि अपने स्वयं अंजना पानीग्राही पिता सीताराम जोशी जाति ब्राम्हण निवासी महाराजा विजयचंद्र भंजदेव वार्ड जगदलपुर का जन्म दिनांक 13/02/1969 को निवास स्थान शहर निवासी महाराजा विजयचंद्र भंजदेव वार्ड जगदलपुर में हुआ है आवेदिका किसी कारण से अपने स्वयं का जन्म 13/02/1969 को मुख्य नगर पालिक अधिकारी जगदलपुर/उप पंजीयक ग्राम पंचायत जगदलपुर के अभिलेख में दर्ज नहीं करा पाया था। वर्तमान में आवेदिका को अपने स्वयं का जन्म प्रमाण पत्र की आवश्यकता है उक्त संबंध में आवेदिका के द्वारा आवेदन पत्र शपथ पत्र अनुपलब्धता प्रमाण पत्र सरपंच/पार्षद का प्रमाण पत्र, सहित आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

उक्त आवेदन पत्र पर किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार की दावा-आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह अपनी आपत्ति न्यायालय में सुनवाई तिथि 05/06/2026 तक स्वयं अथवा अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकता है नियत तिथि के पश्चात् प्रस्तुत दावा आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई अथवा विचार नहीं की जावेगी ।

उद्घोषणा पत्र आज दिनांक 22.05.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार (नजूल)
जगदलपुर

## खबर संक्षेप

### किसान कल्याण संघ की कार्यकारिणी पुनः चुनी गई



**जगदलपुर।** बस्तर किसान कल्याण संघ के सदस्यों के द्वारा सर्वसम्मति से पुरानी कार्यकारिणी को एक बार पुनः चुना गया है। यह कार्यकारिणी आगामी 2 वर्षों तक यथावत रहेगी। सदस्यों ने भरोसा जताते हुए अध्यक्ष पद पर अरुण त्रिपाठी, उपाध्यक्ष पद पर लखीधर बघेल एवं जोगेंद्र चंद्राकर, सचिव जितेंद्र खत्री, सहसचिव अमित चावड़ा एवं कोषाध्यक्ष पद हेतु रमेश चावड़ा को संघ की जिम्मेदारी सौंपी है।

### लड़ेर में श्रीमद् भागवत कथा 1 जून से

**मगरलोड।** ग्राम लड़ेर में निषाद परिवार एवं ग्रामवासियों के सहयोग से श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान सप्ताह का आयोजन 1 से 7 जून तक किया गया है। कथावाचक महामंडलेश्वर महंत गोवर्धन शरण व्यास सिरकट्टी आश्रम कुटेना पांडुका होंगे। जून को सुबह 11 बजे कलश यात्रा, दोपहर 2 बजे गौकर्ण कथा, वराह अवतार, 2 जून को ध्रुव चरित्र, वामन अवतार, नरसिंह अवतार, 3 जून को श्रीराम अवतार, श्रीकृष्ण अवतार कथा, 4 जून को नंद उत्सव, बाल लीला , माखन चोरी कथा, 5 जून को गिरिराज कथा, रासलीला, 6 जून को रूक्मणि मंगल कथा, 7 जून को गीता हवन, पूर्णाहुति, परीक्षित मोक्ष, तुलसी वर्षा, शोभायात्रा होगी। कथा सुबह 10 बजे से 1 बजे तक तथा दोपहर 3 बजे से शाम तक होगी। तैयारी में ध्रुवलाल निषाद, वेदराम निषाद, देवनारायण निषाद जुटे हैं।

### छत से गिरकर युवक की मौत

**धमतरी।** घर की छत पर चढ़ा युवक अचानक नीचे गिर गया। गंभीर रूप से घायल युवक की रायपुर ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई है। मिली जानकारी के अनुसार स्थानीय आमापारा बनियातालाब के पास रहने वाले अनिल पटेल पिता रामनाथ उम्र 34 वर्ष शराब पीने का आदी था। युवक शुक्रवार की सुबह अपने घर की छत पर चढ़ा था। तभी वह अचानक छत से नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया जहां से रिफर करने पर युवक को निजी अस्पताल पहुंचाया गया। उसके बाद परिजन युवक को घर ले गए। रात्रि में युवक को उपचार के लिए रायपुर ले जा रहे थे। इसी दौरान रास्ते में देमार के पास युवक की मौत हो गई। परिजन युवक को वापस घर ले आए और कोतवाली पुलिस को घटना की सूचना दी। पुलिस ने घर पहुंचकर शव का पंचनामा व पोस्टमार्टम किया। इसके बाद परिजनों को शव सौंप दिया।

### पत्नी ने लगाई फांसी, दुखी पति ने भी खुदकुशी का किया प्रयास

**धमतरी।** पत्नी द्वारा घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लेने से पति सदमे में आकर फांसी लगाने का प्रयास कर रहा था जिसे परिजन व आसपास के लोगों ने बचा लिया। पुलिस के अनुसार स्थानीय बांसपारा निवासी दुर्गा यादव पति पुरुषोत्तम उम्र 21 वर्ष की लगभग डेढ़ साल पहले शादी हुई थी। उसका मायका ग्राम पाहंदा कुम्हारी जिला दुर्ग है। शनिवार की सुबह नवविवाहिता अचानक कमरे के भीतर गई और दरवाजा भीतर से बंद कर फांसी लगा ली। बाइक लाने गया पति जब घर लौटा तो दरवाजा बंद देख आवाज लगाई। कोई जवाब नहीं मिलने पर पति खिड़की से कमरे में देखा। उसकी नवविवाहिता पत्नी फंदे पर लटक रही थी। पति दरवाजा को जोरदार धक्का देकर अंदर घुसा और जीवित होने की आशंका के चलते नवविवाहिता को फंदे से नीचे उतार उपचार के लिए मसीही अस्पताल ले गए। डाक्टर ने नवविवाहिता को मृत घोषित कर दिया। पत्नी की मौत की खबर सुनकर पति सदमे में आ गया और अस्पताल से सीधे घर बांसपारा पहुंच उसी कमरे में अपने आपको बंद कर उसी फंदे में फांसी लगाने का प्रयास कर रहा था जिसे आसपास के लोगों ने फंदे से उतारकर वरदान एंबुलेंस की मदद से उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। आईसीयू वार्ड में भर्ती कर युवक का उपचार किया जा रहा है। लोगों की तत्परता से युवक की फिलहाल जान बच गई है। उसकी हालत स्थिर बनी हुई है।

# आज मतपेटी में बंद हो जाएगा 3 प्रत्याशियों का भाग्य, भाजपा-कांग्रेस में आर-पार का मुकाबला

## मतदान के एक दिन पहले रविवार को प्रत्याशी और पार्टी के नेताओं कार्यकर्ताओं ने बहाया पसीना

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जगदलपुर

इंदिरा गांधी वार्ड में कल 1 जून को शाम 5 बजे भाजपा, कांग्रेस और आप पार्टी के 3 प्रत्याशी का भाग्य मतपेटी में बंद हो जाएगा। पूर्व पार्षद रशीद खान के असामयिक निधन के बाद यहां उपचुनाव हो रहा है। केवल एक ही वार्ड में चुनाव होने से यहां भाजपा और कांग्रेस ने पूरी ताकत झोंक दी है। भाजपा और कांग्रेस के प्रत्याशी ब्राम्हण है वहीं आप पार्टी ने मुस्लिम महिला को प्रत्याशी बनाया है। वैसे मुकाबला भाजपा और कांग्रेस के बीच होता दिख रहा है। साधन, संसाधन और कार्यकर्ताओं की फौज सुबह से देर शाम तक तपती गर्मी में भी पार्टी के प्रत्याशी को जीताने के लिए जमकर पसीना बहाते दिखे। रविवार को पर्ची देने के साथ साथ घर घर पहुंचकर तीनों दल के प्रत्याशी और समर्थक वोट के लिए गुजारिश करते रहे। एक तरह से हाईप्रोफाइल हो चुके इस चुनाव में भाजपा और कांग्रेस के कई नेताओं की प्रतिष्ठा दांव पर है। कांग्रेस यहां लगातार जीतती रही और भाजपा को जीत का खाता खोलना है इसलिए दोनों दल ने कोई कसर नहीं छोड़ी है। अब अनुमान और संभावनाओं का गणित चल रहा है। कुल मिलाकर वोटिंग प्रतिशत के बाद ही कौन आगे है और कौन पीछे रह गया इस पर भविष्यवाणी की जा सकती है। बहरहाल 4 जून को मतपेटी खुलने के बाद स्थिति स्पष्ट होगी।

- इंदिरा गांधी वार्ड में मतदान आज सुबह 8 से शाम 5 बजे तक होगी
- 811 महिला और 731 पुरुष कुल 1542 मतदाता करेंगे पार्षद का चुनाव, मैदान में 3 प्रत्याशी

शहर के इंदिरा गांधी वार्ड में कल 1 जून को पार्षद पद के लिए होने वाले उपचुनाव में भाजपा के मनोहर दत तिवारी, कांग्रेस के रामकृष्ण तिवारी और आप पार्टी की रूबिना कुरैशी मैदान में है। कुल 1542 मतदाताओं में महिला मतदाता अधिक है। यहां महिला मतदाता 811 और पुरुष मतदाता 731 है। एसडीएम ऋषिकेश तिवारी ने हरिभूमि को बताया कि स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में 2 बूथ बनाए गए है। पहले बूथ में कुल 802 मतदाताओं में 374 पुरूष और 428 महिला मतदाता तथा दूसरे बूथ में कुल 740 मतदाता में 357 पुरूष तथा 383 महिला मतदाता है। मतदान सुबह 8 से शाम 5 बजे तक होगा तथा मतगणना 4 जून को होगी। उन्होंने बताया कि जनपद पंचायत जगदलपुर के अंतर्गत ग्राम पंचायत धुरगुड़ा के वार्ड क्रमांक 5 में पंच पद के लिए 2 अभ्यर्थी मैदान में है। यहां कुल 76 मतदाता है। 1 जून को सुबह 7 से दोपहर 3 बजे तक मतदान होगा और मतदान खत्म होने के पश्चात मतगणना शुरू हो जाएगी।





## वनमंत्री ने की अबुझमाड़ में स्मार्ट पुलिसिंग की शुरुआत

# तकनीक से बढ़ेगी पारदर्शिता और जवाबदेही : कश्यप

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जगदलपुर

अबुझमाड़ जैसे दूरस्थ अंचल में भी तकनीक आधारित सुशासन को मजबूती देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए वनमंत्री केदार कश्यप ने थाना कोहकामेटा में ई-मालखाना 2.0 सॉफ्टवेयर का शुभारंभ किया।

- नारायणपुर के सभी 14 थानों में शुरू हुआ ई मालखाना 2 .0

इस डिजिटल व्यवस्था के शुरू होने के साथ ही नारायणपुर जिले के सभी 14 थानों में आधुनिक एवं स्मार्ट मालखाना प्रबंधन प्रणाली लागू हो गई है।

इस अवसर पर मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के डिजिटल इंडिया के विजन के अनुरूप तकनीक आधारित नवाचार शासन और प्रशासन की कार्यक्षमता बढ़ाने का प्रभावी माध्यम हैं। उन्होंने नारायणपुर पुलिस की इस अभिनव पहल की सराहना करते हुए कहा कि इससे पुलिस कार्यप्रणाली में पारदर्शिता, जवाबदेही और दक्षता को नई मजबूती मिलेगी।







ई-मालखाना 2.0 के तहत अब प्रत्येक जब्त संपत्ति एवं केस प्रॉपर्टी को यूनिक बारकोड आधारित डिजिटल पहचान प्रदान की जाएगी। बारकोड स्कैन करते ही संबंधित प्रकरण, जब्ती विवरण, जमा तिथि और वस्तु की वर्तमान स्थिति जैसी सभी महत्वपूर्ण जानकारियां तत्काल उपलब्ध होंगी। इससे मालखाना प्रबंधन अधिक सुरक्षित, व्यवस्थित और पारदर्शी बनेगा।

उन्होंने कहा कि अबुझमाड़ जैसे चुनौतीपूर्ण क्षेत्रों में डिजिटल व्यवस्थाओं का विस्तार सरकार की प्राथमिकता है। इस प्रकार की तकनीकी पहल न केवल प्रशासनिक व्यवस्था को मजबूत बनाती हैं बल्कि आम नागरिकों का विश्वास भी बढ़ाती हैं।

### अभिलेखों का संधारण होगा सरल

पुलिस अधीक्षक रॉबिंसन गुड़िया ने बताया कि ई-मालखाना 2.0 को नारायणपुर पुलिस द्वारा विकसित किया गया है जिसका उद्देश्य पारंपरिक कागजी प्रक्रियाओं को डिजिटल स्वरूप देकर मालखाना प्रबंधन को अधिक प्रभावी बनाना है। इससे अभिलेखों का संधारण सरल होगा और पुलिस अधिकारियों को कार्यों के बेहतर निष्पादन में सहायता मिलेगी।

# तेज अंधड़ और वज्रपात के साथ बारिश के आसार



हरिभूमि न्यूज ▸▸ जगदलपुर

बस्तर संभाग में भीषण गर्मी के बीच मौसम का मिजाज पूरी तरह बदलने वाला है। मौसम विभाग ने 1 जून से पूरे संभाग सहित प्रदेश भर में मेघगर्जन, आसमानी बिजली (वज्रपात) और तेज आंधी के साथ बारिश की गतिविधि में भारी बढ़ोतरी की चेतावनी जारी की है। बस्तर में यह मौसमी बदलाव अगले 5 दिनों तक लगातार जारी रहने की संभावना है, जिससे लोगों को गर्मी से राहत तो मिलेगी लेकिन आंधी-तूफान मुश्किलें बढ़ा सकता है।

पिछले 24 घंटों में तापमान में आई गिरावट का असर बस्तर में साफ देखा जा रहा है। जगदलपुर में अधिकतम तापमान 36.3 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 21.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है, जिससे रातों में हल्की ठंडक महसूस हो रही है। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार, विदर्भ से लेकर छत्तीसगढ़ के दक्षिणी हिस्से (बस्तर) और ओडिशा से होते हुए बंगाल की खाड़ी तक एक मजबूत द्रोणिका (ट्रफ लाइन) गुजर रही है। इस सिस्टम के कारण बस्तर संभाग में बंगाल की खाड़ी से लगातार भारी नमी आ रही है, जो तेज बारिश और अंधड़ का कारण बनेगी।

### वज्रपात का खतरा

मौसम विभाग ने विशेष रूप से अलर्ट जारी करते हुए कहा है कि अगले 48 घंटों के भीतर बस्तर संभाग के जिलों में एक-दो स्थानों पर 50 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से विनाशकारी अंधड़ चल सकती है। इसके साथ ही गरज-चमक के साथ तीव्र वज्रपात (आसमान से बिजली गिरने) की भी आशंका है। दो दिनों के बाद भी हवाओं की रफ्तार 40-50 किमी प्रति घंटे बनी रहेगी। तापमान की बात करें तो अगले दो दिनों में पारा 1-2 डिग्री सेल्सियस और गिरेगा, जिसके बाद अगले तीन दिनों में फिर से 2-3 डिग्री सेल्सियस की क्रमिक वृद्धि होगी।

### प्रशासन की सलाह

बस्तर के नदी-नालों और अंदरूनी इलाकों को देखते हुए स्थानीय प्रशासन और मौसम विभाग ने लोगों से सतर्क रहने की अपील की है। खराब मौसम के दौरान पेड़ों, कच्चे मकानों और बिजली के खंभों के नीचे शरण न लेने की हिदायत दी गई है।

80 बटालियन के स्थापना दिवस पर हुए खेल-कूद स्पर्धा

# ऐसे आयोजन से बल में एकता और भाईचारा बढ़ती है : कमाण्डेन्ट

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जगदलपुर



80 वीं वाहिनी के 41 वां स्थापना दिवस 1 जून को है । दो दिन पहले 30 मई को केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के वाहिनी कमाण्डेन्ट जितेन्द्र कुमार के नेतृत्व में स्थापना दिवस के उपलक्ष्य पर वाहिनी कैम्प परिसर में वॉलीबॉल एवं अन्य खेलों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य जवानों के शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को प्रोत्साहित करने के साथ-साथ उनमें खेल भावना, अनुशासन, टीम वर्क तथा आपसी समन्वय को सुदृढ़ करना है। जवानों ने प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया तथा उत्कृष्ट खेल कौशल, प्रतिस्पर्धात्मक भावना और उत्साह का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के अंत में विजेता एवं उपविजेता प्रतिभागियों के अच्छे प्रदर्शन की सराहना की गई।

कमांडेंट ने कार्मिकों को स्थापना दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन बल में एकता, भाईचारा, पारस्परिक सहयोग एवं सकारात्मक कार्य संस्कृति को बढ़ावा देते हैं, जिससे बल और अधिक मजबूत बनता है।



इस अवसर पर वाहिनी अधिकारी पुरुपोत्तम कुमार, द्वितीय कमान अधिकारी, ओम कुमार गुप्ता, बेनुबावु, सहायक कमाण्डेंट, अधिनस्थ अधिकारी एवं जवान उपस्थित रहे।

# 96 हजार के कैप्सूल के साथ 2 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जगदलपुर

बस्तर पुलिस ने नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए बोधघाट थाना क्षेत्र से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से प्रतिबंधित नशीले कैप्सूल की बड़ी खेप बरामद की गई है, जिसकी कीमत लगभग 96 हजार रुपये बताई जा रही है। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि मेटगुड़ा डोंगरी क्षेत्र में दो व्यक्ति कैरी बैग में नशीले कैप्सूल लेकर ग्राहकों का इंतजार कर रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और दोनों संदिग्धों को पकड़ लिया। तलाशी के दौरान आरोपियों के बैग से पियून स्पेस (ट्रमाडोल एचसीएल) के 30 पत्ते, यानी 240 नग प्रतिबंधित कैप्सूल बरामद हुए। पूछताछ में आरोपी इन दवाओं के संबंध में कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सके। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान आकाश पोया (21 वर्ष) निवासी महारानी वार्ड एवं राड्रिक सोमा (42 वर्ष) निवासी मदर टेरेसा वार्ड जगदलपुर के रूप में हुई है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 21(बी) के तहत मामला दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार किया और विशेष न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक शलभ कुमार सिन्हा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक माहेश्वर नाग के मार्गदर्शन तथा नगर पुलिस अधीक्षक सुमित कुमार के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी टामेश्वर चौहान के नेतृत्व में की गई।

- मेटगुड़ा में चल रहा था नशे के सौदा, पुलिस ने मारा रेड



# दो दर्जन से अधिक युवाओं ने थामा कांग्रेस का हाथ

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जगदलपुर

राजीव भवन में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के समक्ष आज दो दर्जन से अधिक लोगों ने कांग्रेस का हाथ थामा। शहर कांग्रेस अध्यक्ष सुशील मौर्य के नेतृत्व में कांग्रेस की रीति-नीति एवं प्रदेश नेतृत्व पर विश्वास व्यक्त करते हुए शामिल हुए। दीपक बैज ने नवप्रवेशी युवाओं को बधाई देते कहा कि कांग्रेस पार्टी सदैव लोकतंत्र, सामाजिक न्याय, भाईचारे एवं जनसेवा के मूल्यों पर कार्य करती रही है। युवाओं की बढ़ती भागीदारी संगठन को अधिक मजबूत बनाएगी तथा आम जनता की आवाज को मजबूती प्रदान करेगी।

- प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष के समक्ष ली सदस्यता




मौर्य ने कहा कि कांग्रेस की विचारधारा और जनता के हित में किए जा रहे संघर्षों से प्रभावित होकर युवा पार्टी से जुड़ रहे हैं। इस अवसर पर कांग्रेस के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# स्वस्थ जीवनशैली अपनाना आज की जरूरत : कमांडेंट



हरिभूमि न्यूज ▸▸ जगदलपुर

केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल की 80वीं वाहिनी मुख्यालय में 31 मई को विश्व तम्बाकू निषेध दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व वाहिनी के कमांडेंट जितेन्द्र कुमार ने किया। इस अवसर पर कमांडेंट ने अपने संबोधन में उपस्थित सभी अधिकारियों, अधीनस्थ अधिकारियों और जवानों को तम्बाकू सेवन से होने वाले दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया। उन्होंने बताया कि तम्बाकू और उससे निर्मित उत्पादों के सेवन से मानव स्वास्थ्य पर अत्यंत प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है, जिससे कैंसर, हृदय रोग और श्वसन संबंधी गंभीर बीमारियाँ होती हैं। इसके साथ ही उन्होंने इससे होने वाले सामाजिक और आर्थिक नुकसान के विषय में भी विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि तम्बाकू का सेवन न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को प्रभावित करता है, बल्कि उसके पूरे परिवार और समाज पर भी नकारात्मक प्रभाव डालता है। आज समय की मांग है कि हम सभी तम्बाकू एवं अन्य नशीले पदार्थों से दूर रहकर एक स्वस्थ जीवनशैली को अपनाएँ।

- सीआरपीएफ मुख्यालय में मनाया गया विश्व तम्बाकू निषेध दिवस

कमांडेंट ने आगे अवगत कराया कि सीआरपीएफ के प्रत्येक कार्मिक का स्वस्थ और फिट रहना अत्यंत आवश्यक है, क्योंकि एक स्वस्थ बल ही राष्ट्र की सुरक्षा में प्रभावी योगदान दे सकता है। उन्होंने सभी अधिकारियों एवं जवानों से आग्रह किया कि वे स्वयं तम्बाकू से दूर रहें तथा अपने परिवार, मित्रों एवं समाज को भी इसके दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करें।

### जवानों ने ली नशा मुक्ति की शपथ

कार्यक्रम के दौरान सभी ने एक सुर में प्रतिज्ञा ली कि मैं अपने जीवन में कभी भी धूम्रपान नहीं करूंगा और किसी भी प्रकार के तंबाकू उत्पाद का सेवन नहीं करूंगा। मैं अपने परिवार और परिचितों को भी धूम्रपान व तंबाकू उत्पादों का सेवन न करने के लिए प्रेरित करूंगा तथा अपने सहकर्मियों को भी इसके लिए जागरूक करूंगा। कार्यक्रम में 80वीं वाहिनी के द्वितीय कमान अधिकारी पुरुषोत्तम कुमार, ओम कुमार गुप्ता, सहायक कमाण्डेंट वेनु बाबू सहित सभी अधीनस्थ अधिकारियों और जवानों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।